# पुनरावृत्ति

17.2.25
Date
Page 1

Tender Heart High School, Sec. 33-B, Chd.

कक्षा – सातवीं          शिक्षिका – सुमन शर्मा
विषय – हिंदी व्याकरण (लोकोक्तियाँ, विज्ञापन)

पुस्तक – वीवा हिंदी व्याकरण – 7

प्यारे बच्चो! आज आपको 'लोकोक्तियाँ' और 'विज्ञापन' संबंधी कार्य भेजा जा रहा है।

8. आम के आम गुठलियों के दाम (दोहरा लाभ)
वाक्य:- कहाँ तो सुनील को नौकरी के लाले पड़े थे। अब देखो नौकरी के साथ-साथ मकान भी मिल गया। किसी सच ही कहा है यहाँ- आम के आम गुठलियों के दाम।

9. अब पछताए होत क्या जब चिड़ियाँ चुग गईं खेत (समय बीत जाने पर पछताना)
वाक्य:- पहले तो राम ने मेहनत नहीं की, अब अनुत्तीर्ण होने पर रो रहा है। इसे कहते हैं-अब पछताए होत क्या जब चिड़ियाँ चुग गईं खेत।

10. एक हाथ से ताली नहीं बजती (दोस्ती और दुश्मनी एक ओर से नहीं होती)
वाक्य:- मैं मान ही नहीं सकता कि तुमने गलती नहीं की होगी क्योंकि ताली कभी एक हाथ से नहीं बजती।

11. चोर की दाढ़ी में तिनका (दोषी को डर लगा रहता है)
वाक्य:- भुवन किसी के पूछने से पहले ही अपनी सफ़ाई दे रहा है। सच ही कहा है – चोर की दाढ़ी में तिनका।

12. नाच न जाने आँगन टेढ़ा (अपना दोष छिपाने के लिए दूसरों को दोष देना)
वाक्य:- तुमसे इतना सरल-सा सवाल हल नहीं होता, कहते

Scanned with CamScanner

कक्षा- सातवीं हिंदी व्याकरण -(लोकोक्तियाँ, विज्ञापन)
शिक्षिका- सुमन शर्मा

हो सवाल कठिन है। यह तो वही बात हो गई, नाच न जाने आँगन टेढ़ा।

13. लातों के भूत बातों से नहीं मानते (कुछ लोग बात से नहीं डंडे की भाषा समझते हैं।)
वाक्य:- अदिता को प्यार से समझाने का कोई लाभ नहीं, इसे तो दंड देना ही पड़ेगा क्योंकि लातों के भूत बातों से नहीं मानते।

14. आ बैल मुझे मार (मुसीबत मोल लेना)
वाक्य:- विपक्ष को बुलाकर तुमने खुद ही मुसीबत मोल ले ली। यह तो वही हुआ- आ बैल मुझे मार।

15. दूध का दूध पानी का पानी (निष्पक्ष न्याय करना)
वाक्य:- न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बात सुनकर फ़ैसला सुनाया तो सभी ने कहा कि दूध का दूध पानी का पानी हो गया।

वृक्ष लगाओ धरती बचाओ पर विज्ञापन




(अंतिम पृष्ठ-2)

Scanned with CamScanner